# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला भीलवाड़ा

**पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)**

प्रकरण संख्या 11/2025

**उनवान**

1. कालू लाल पुत्र श्री लादू बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
2. गीता पुत्री श्री लादू बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
3. दोली देवी पुत्री श्री लादू बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
4. भंवर पुत्र श्री जैराम बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
5. मुकेश पुत्र श्री लादू बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
6. संजु पुत्र श्री लादू बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।

**—प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. श्रीमती कमला देवी पत्नी रामनिवास भांबी नि0 गठिलाखेडा तह0 व जिला भीलवाडा(राज.)
2. भैरू पुत्र श्री नानू खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. मूला पुत्र श्री नानू खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. रतना पुत्र श्री नानू खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
5. बरदा पुत्र श्री नानू खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
6. गीता पत्नी श्री नारायण खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
7. देउ पत्नी श्री सोहन खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
8. देउ पत्नी श्री मांगू खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
9. प्रभु पुत्र श्री मांगू खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
10. नारयण पुत्र श्री देबी खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
11. रामचन्द्र पुत्र श्री सीताराम खटीक नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
12. जेतु पत्नी श्री देबी लाल बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
13. उगमा पुत्र श्री प्यारा बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
14. सोना पत्नी श्री माधु बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
15. लेहरी पत्नी श्री सुख लाल कुम्हार नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
16. कैलाशी पत्नी श्री सुख लाल कुम्हार नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
17. देउ पत्नी श्री शिव लाल कुम्हार नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
18. बद्री पुत्र श्री भैरू लुहार नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
19. अनोपी पत्नी श्री लादू बैरवा नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
20. बालू पुत्र श्री प्यारा बैरवा नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
21. मांगी लाल दत्तक पुत्र श्री डालू बैरवा नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
22. गंगा पत्नी श्री सोहन बैरवा नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
23. नारायण पुत्र श्री चुन्ना बैरवा नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
24. कमला पत्नी श्री रतन बैरवा नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
25. जालम पुत्र श्री परसा बैरवा नि0 गठिला खेडा तह0 एवं जिला भीलवाडा (राज.)
26. डालू दत्तक पुत्र धन्ना बलाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
27. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

**———अप्रार्थीगण**

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956

**निर्णय दिनांक 18—03—2025**

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भूँ—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 23—12—2024 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम बरडौद प0ह0 बरडौद भू0अ0नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा की खाता संख्या 472 की आ.न. 824 रकबा 0.1517 है0, खाता संख्या 473 आ.न. 1184 रकबा 0.2403 है0, आ.न. 1218/3 रकबा 0.0885 है0, आ.न. 1219 रकबा 0.1644 है0, आ.न. 826/2 रकबा 0.2655 है0, आ.न. 824/3 रकबा 0.1265 है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक **10—01—2025** को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । **विपक्षी संख्या 01 लगायत 26** बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ, जिला-भीलवाडा

ACE Scanner

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

**–::आदेश::–**

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम बरडौद प0ह0 बरडौद भू0अ0नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा की खाता संख्या 472 की आ.न. 824 रकबा 0.1517 है0, खाता संख्या 473 आ.न. 1184 रकबा 0.2403 है0, आ.न. 1218/3 रकबा 0.0885 है0, आ.न. 1219 रकबा 0.1644 है0, आ.न. 826/2 रकबा 0.2655 है0, आ.न. 824/3 रकबा 0.1265 है0 भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 300/–पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 18.03.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा